कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष– 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 16/11/2022

# विश्वविद्यालयीन वार्षिक (मुख्य) परीक्षा 2023 आवेदन पत्र भरने संबंधी

## :: सूचना ::

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ,रायपुर की अधिसूचना कमांक/2884/परीक्षा/वार्षिक/ प. आ.शु./आनलाईन/2022, रायपुर दिनांक 14.11.2022 के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली स्नातक/स्नातकोत्तर वार्षिक परीक्षाओं की मुख्य परीक्षा 2023 में सम्मिलित होने वाले एवं अन्य संबंधित पाठ्यकमों के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन (प्रायवेट)/भूतपूर्व/पूरक हेतु पात्रतानुसार परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन पद्धति से विश्वविद्यालय के बेवसाईट द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र (परीक्षा फार्म) भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

| | |
|---|---|
| **निर्धारित शुल्क के साथ ( बिना विलम्ब शुल्क )** | **01/12/2022 से 24/12/2022 तक** |
| **निर्धारित शुल्क एवं 100/- विलम्ब शुल्क के साथ आनलाईन आवेदन करने की तिथि** | **25/12/2022 से 31/12/2022 तक** |

उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं किया जाएगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के अमहाविद्यालयीन (प्रायवेट) परीक्षार्थियों को अपना आवेदन ऑनलाईन भरने के पूर्व संबंधित महाविद्यालय जिसका वे चयन करते है, इसके लिए उन्हें उक्त महाविद्यालय के लिए अपना पंजीयन ऑनलाईन करना होगा। इसके लिए उन्हे एक पंजीयन नम्बर दिया जाएगा। जिसका उपयोग वे अपने ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने के समय करेंगे। जिन कक्षाओं के विषयों में प्रायोगिक विषय यदि उनके पाठ्यकम में हो तो ऐसे अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी अपने प्रायोगिक विषय के लिए महाविद्यालय का चयन करते हुए उक्त महाविद्यालय में अपना पंजीयन करावें। पंजीयन कराने के पश्चात् ही वे अपना ऑनलाईन फार्म भरे। परीक्षा फार्म भरने के पश्चात् परीक्षार्थी हार्डकापी महाविद्यालय में अनिवार्यतः जमा करें। विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी **बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी** की सूचना पटल एवं महाविद्यालय के वेबसाईट का अवलोकन करें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner